तिथि ..................................................परियोजना शुरू करने का दिन ............................परियोजना खत्म करने का दिन ...........................

| क्र.सं. | विद्यार्थी का नाम | परियोजना का विषय | परियोजना को कक्षा में समूह द्वारा प्रस्तुत करने की तिथि | परियोजना के प्राप्त अंक | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक के हस्ताक्षर

अध्यापक के हस्ताक्षर

कार्य उद्यम से सिद्ध होते है, मनोरथों से नही।

# शिक्षा का मौलिक अधिकार अधिनियम

**निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत बालकों के हितों का ध्यान रखा गया है।**

- छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बालक को प्रारम्भिक शिक्षा पूरी होने तक किसी आस पास के विद्यालय में निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार होगा।
- यदि छह वर्ष से अधिक की आयु के किसी बालक को किसी विद्यालय में प्रवेश नहीं दिया गया या प्रवेश तो दिया गया है किन्तु अपनी प्रारम्भिक शिक्षा पूरी नहीं की है, तो उसे उसकी आयु के अनुसार समुचित कक्षा में प्रवेश दिया जायेगा।
- यदि किसी विद्यालय में, प्रारिम्भक शिक्षा पूरी करने की व्यवस्था नहीं है वहां किसी बालक को अपनी प्रारिम्भक शिक्षा पूरी करने के लिए किसी अन्य विद्यालय में, स्थानान्तरण करने का अधिकार होगा।
- समुचित सरकार/प्रत्येक स्थानीय प्राधिकारी प्रत्येक बालक को निःशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध करवायेगी।
- कोई विद्यालय या व्यक्ति किसी बालक को प्रवेश देते समय कोई प्रति व्यक्ति फीस संगृहित नहीं करेगा।
- किसी बालक को आयु का सबूत न होने के कारण किसी विद्यालय में प्रवेश से मना नहीं किया जायेगा।
- किसी बालक को, शैक्षणिक वर्ष के प्रारम्भ पर या ऐसी विस्तारित अवधि के भीतर जो, विहित की जाए, किसी भी विद्यालय मे प्रवेश दिया जायेगा।
- किसी विद्यालय में प्रवेश प्राप्त बालक को किसी कक्षा में नहीं रोका जायेगा या विद्यालय में प्राथमिक शिक्षा पूरी किये जाने तक निष्कासित नहीं किया जायेगा।
- किसी बालक को शारिरिक दण्ड नहीं दिया जायेगा या उसका मानसिक उत्पीड़न नहीं किया जायेगा।
- किसी बालक से प्रारिम्भक शिक्षा पूरी होने तक कोई बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने की अपेक्षा नहीं की जायेगी।
- प्रत्येक बालक को, जिसने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा पूरी कर ली है ऐसे प्रारूप और ऐसी रीति में, जो विहित की जाये, एक प्रमाण पत्र दिया जायेगा।
- बालक के साथ कक्षा तथा विद्यालय में किसी भी रीति में भेदभाव नहीं किया जाए।
- कक्षा 1 से 5 के बालकों को 200 शैक्षणिक दिवस तथा कक्षा 6 से 8 के बालकों को 220 शैक्षणिक दिवस उपलब्ध करवाए जाएगें।
- शिक्षा का अधिकार अधिनियम की अनुपालना न होने पर कोई भी बालक, अभिभावक, व्यक्ति, व्यक्ति समूह विभाग के टोल फ्री दूरभाष नं0 180030 100 110 पर शिकायत दर्ज करवा सकता है।

# शिक्षा पंचाग का संक्षिप्त परिचय

## विद्यालय कैलेण्डर 2015–2016

**हरियाणा विद्यालय शिक्षा के समस्त राजकीय, अराजकीय मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए सत्र 2015–2016 का शिक्षा पंचांग निदेशालय द्वारा निर्मित किया गया है। इसके अनुसार ही सत्रपर्यन्त विद्यालय कार्यक्रम, अवकाश, परीक्षा, खेलकूद प्रतियोगिता आदि आयोजित करवाने अनिवार्य हैं। किसी विशेष अवसर पर अथवा कार्यक्रम में यदि किसी संस्था प्रधान को कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता अनुभव हो तो वह परिवर्तन सम्बन्धी निवेदन अपने क्षेत्र के जिला शिक्षा अधिकारी/जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी/जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मांग के औचित्य की जाँच करेंगे तथा उनकी अनुशंसा पर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला/निदेशक, मौलिक शिक्षा हरियाणा की स्वीकृति के बाद ही संस्था प्रधान द्वारा परिवर्तन किया जा सकेगा।**

**01 अप्रैल 2006 से हरियाणा के विद्यालयों में प्राथमिक कक्षाओं को छोड़कर शैक्षणिक सत्र 2006–07 से सैमेस्टर प्रणाली लागू की गई है। इन सैमेस्टरों को ग्रीष्मकालीन एवं शरदकालीन सैमेस्टर के नाम से भी जाना जाता है। इन सैमेस्टरों की समयावधि निम्न प्रकार से होगी:–**

| प्रथम सैमेस्टर | |
|---|---|
| अवधि | 1 अप्रैल, 2015 से 30 सितम्बर, 2015 तक |
| **द्वितीय सैमेस्टर** | |
| अवधि | 1 अक्तूबर 2015 से 31 मार्च, 2016 तक |

# दाखिले

### कक्षा पहली से आठवीं में दाखिले की तिथियाँ–

**कक्षा पहली से आठवीं तक प्रवेश की अवधि की सीमा समाप्त एवं विस्तरित अवधि 30 सितम्बर के बाद**

| दाखिले | समय सीमा |
|---|---|
| सामान्य दाखिले | 1 अप्रैल, 2015 से आरम्भ |

नोटः–

1. 30 सितम्बर के बाद दाखिले लेने बारे बालकों के लिए विशेष प्रशिक्षण का प्रबन्ध भी किया जाना है जिसके लिए विद्यालय मुखिया को आवश्यक प्रबन्ध करने हैं।
2. शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की अनुपालना में वर्ष भर दाखिला खुला है अर्थात् 30 सितम्बर के बाद भी दाखिला दिया जाएगा यह प्रावधान केवल कक्षा 1 से 8 तक के लिए है।

# कक्षा तत्परता कार्यक्रम

## दिनांक 1 अपैल से 22 मई

| गतिविधि | दिवस |
|---|---|
| पुस्तकालय लाईब्रेरी सप्ताह | प्रथम सप्ताह तथा आवश्यकता अनुसार |
| सुलेख लेखन सप्ताह | प्रथम एवं दूसरा सप्ताह |
| योग, व्यायाम एवं आसन | सभी दिन आवश्यकता अनुसार |
| न्यूनतम अधिगम स्तर का आंकलन | सभी दिन विषय वार |
| ज्ञान के प्रति जिज्ञासा पैदा करना | सभी दिन आवश्यकता तथा परियोजना अनुसार |
| अंग्रेजी कक्षा/ तार्किक क्षमता | सभी दिन |
| शैक्षणिक भ्रमण | प्रति सप्ताह एक दिन |
| पुस्तक वाचन एवं उच्चारण | दैनिक आधार पर |
| बातचीत कौशल | दैनिक गतिविधि |
| नैतिक शिक्षा | दैनिक गतिविधि प्रार्थना सभा के दौरान |
| सामान्य ज्ञान | दैनिक गतिविधि |
| खेल | दैनिक गतिविधि |
| सदन का निर्माण | प्रथम सप्ताह |
| कोलाज बनाना | सप्ताह में दो दिन |
| परियोजना आधारित शिक्षा | सप्ताह में दो दिन |
| फिल्म महोत्सव | दैनिक |

नया शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होने पर स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या कम होती है तथा उनका स्कूल के प्रति रुझान भी कम होता है। इस दौरान अध्यापकों की रुचि भी कक्षा के प्रति पूरी तरह से नहीं हो पाती क्योंकि बच्चों की संख्या कम होती है तथा नये सत्र की पुस्तकें पहुँचने में तथा वितरण में देरी हो जाती है। इससे शिक्षण अधिगम के लिए निर्धारित कीमती समय का अपव्यय होता है। शिक्षण अधिगम से बच्चों का तारतम्य कक्षा शिक्षण से टूट जाता है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंर्तगत 220 दिन उच्च प्राथमिक कक्षाओं में शैक्षणिक कार्य अनिवार्य है तथा 200 दिन को प्राथमिक कक्षाओं में शैक्षणिक कार्य अनिवार्य है। स्कूल में शिक्षण अधिगम का कार्य सुचारु रुप से न होने के कई कारण हैं। बहुत से विद्यार्थी अन्य कार्यों जैसे– फसलों की कटाई, पैतृक घरेलू कार्यों आदि में संलिप्त हो जाते हैं। नये सत्र की पुस्तकें उपलब्ध न होने तथा कक्षा में छात्र संख्या कम होने के कारण अध्यापक भी असमंजस में रहते हैं कि नए सत्र का शिक्षण कार्य कहां से आरम्भ किया जाए? इसके कारण कीमती शिक्षण घंटे व कार्य दिवस नाहक ही व्यर्थ हो जाते हैं। यह भी देखा गया है कि सुचारु शिक्षण आरम्भ होते–होते मई का मध्य आ जाता है व उसके बाद जून में होने वाला ग्रीष्म अवकाश का व्यवधान शैक्षणिक वातावरण को बाधित करता है। इस प्रकार नये सत्र की शुरुआत एक प्रकार से ग्रीष्मावकाश के बाद जुलाई माह में हो पाती है जिससे सीधे तौर पर शिक्षण के तीन मास कम हो जाते है।

नए सत्र के आरंभिक शिक्षण दिवसों के यथार्थपूर्वक उपयोग के लिए विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा Class Readiness Programme (CRP ) नामक महत्वाकांक्षी योजना शुरु की थी। इस योजना के प्रारुप में दिनांक 01.04.2015 से विद्यालयों में नामांकन पर विशेष बल दिया गया है और यह सुनिश्चित किया गया है कि हर बच्चा स्कूल में आ जाए। 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का सर्वे भी किया गया है। उसके आधार पर 100 प्रतिशत नामांकन के लक्ष्य को तो प्राप्त करना ही है इसके साथ–साथ यह भी सुनिश्चित करना है कि पांचवी पास करने वाला हर बच्चा अनिवार्य रूप से कक्षा 6 में दाखिला ले और कक्षा आठ पास करने वाला हर बच्चा 9वीं कक्षा में दाखिला लें। इससे अवस्थांतर के लक्ष्य को भी प्राप्त किया जा सकेगा ताकि बालक की शिक्षा ग्रहण करने की गति में कोई अवरोध न आये।

# EDUSAT Broadcast Time Table

| PERIOD/ DAY | CLASS-1 | CLASS- 2 | CLASS - 3 | CLASS - 4 | CLASS - 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| | I | II | III | IV | V |
| | 8:20-9:05 | 9:05-9:50 | 9:50-10:35 | 10:35-11:20 | 11.20 – 12.00 |
| MON | (CLASS-1) English | (CLASS-2) English | (CLASS-3) English | (CLASS-4) English | (CLASS-5) English |
| TUES | (CLASS-1) Mathematics | (CLASS-2) Mathematics | (CLASS-3) Mathematics | (CLASS-4) Mathematics | (CLASS-5) Mathematics |
| WED | (CLASS-1) EVS | (CLASS-2) EVS | (CLASS-3) EVS | (CLASS-4) EVS | (CLASS-5) EVS |
| THUR | (CLASS-1) English | (CLASS-2) English | (CLASS-3) English | (CLASS-4) English | (CLASS-5) English |
| FRI | (CLASS-1) Mathematics | (CLASS-2) Mathematics | (CLASS-3) Mathematics | (CLASS-4) Mathematics | (CLASS-5) Mathematics |
| SAT | Children's Film 12:00 noon onward | | | | |

Note: During winter season time table will change according to school hours.

# EDUSAT Broadcast Time Table

| Time ⇒ Days ⇓ | 8.00 To 8.20 | 8.20 to 9.05 | 09.05 to 9.50 | 9.50 to 10.35 | 10.35 to 11.20 | 11.20 to 12.00 | 12.00 to 12.30 | 12.30 to 1.10 | 1.10 to 1.50 | 1.50 to 2.30 | 2.30 to 4.30 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | I | II | III | IV | V | | VI | VII | VIII | *Special Coaching for Entrance Examination of JEE/AIEEE |
| Monday | Morning Assembly | Physics XI | Physics XII | Chemistry XI | Chemistry XII | Science & Technology X | RECESS | Science & Technology IX | Soft Skill VI &VII alternate week | Soft Skill VI&VII alternate week | Physics – XI |
| Tuesday | | Mathematics XI | Mathematics XII | Biology XI | Biology XII | English X | | English IX | Soft Skill VIII | Soft Skill VIII | Physics – XII |
| Wednesday | | Accountancy XI | Accountancy XII | Business Studies XI | Business Studies XII | Mathematics X | | Math IX | Soft Skill IX | Soft Skill IX | Chemistry – XI |
| Thursday | | Economics XI | Economics XII | Practical Physics/ Chemistry/ Biology on alternate week XI | Practical Physics/ Chemistry/ Biology on alternate week XII | Social Science X | | Social Science IX | Soft Skill X | Soft Skill X | Chemistry – XII |
| Friday | | History XI | History XII | English XI | English XII | Hindi X | | G.K./Value Education on alternate Week IX & X | Soft Skill XI | Soft Skill XI | Mathematics – XI |
| Saturday | | Pol. Science XI | Pol. Science XII | Geography XI & XII on alternate week | G.K./ Value Education on alternate week XI | G.K./ Value Education on alternate week VII & VIII | | G.K./ Value Education on alternate week XII | Soft Skill XII | Soft Skill XII | Mathematics– XII |

# बैठकें/दैनिक क्रियाकलाप

## विद्यालय स्तरीय बैठकें:-

### कक्षा पहली से आठवीं तक

| विवरण | समय |
|---|---|
| पी0टी0ए0/एम0टी0ए0 बैठकें | इन बैठकों का आयोजन प्रथम यूनिट टैस्ट, द्वितीय यूनिट टैस्ट वार्षिक परीक्षा के परिणाम की घोषणा के समय होगा। |
| एस.एम.सी. बैठकें | 15 अगस्त, 26 जनवरी तथा 22 मार्च को एस.एम.सी. की बैठकें होंगी बाकि 9 महीनों में बैठक अन्तिम शनिवार को 12.00 बजे विद्यालय प्रागण में होगी इसके इलावा यदि एस.एम.सी. चाहे तो आपात बैठक भी बुला सकती है। |

### वृत प्रभारी (सर्कल इन्चार्ज) स्तर की बैठकें

| विवरण | समय |
|---|---|
| वृत प्रभारी (सर्कल इन्चार्ज) की अपने मुख्य शिक्षकों के साथ बैठक | प्रत्येक माह के दूसरे/तीसरे दिन यदि अवकाश है तो अगले कार्य दिवस को यह बैठक होगी। |

### खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी स्तर की बैठकें

| विवरण | समय |
|---|---|
| खण्ड मौलिक शिक्षा अधिकारियों की सर्कल इन्चार्ज के साथ मासिक बैठक | प्रत्येक महीने के पांचवे दिन, यदि कोई छुट्टी होगी तो अगले कार्य दिवस को ये बैठक होगी |

### जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के स्तर की बैठकें

| विवरण | समय |
|---|---|
| जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों की खण्ड मौलिक शिक्षा अधिकारियों के साथ मासिक बैठक | प्रत्येक महीने के सातवें दिन, यदि कोई छुट्टी होगी तो अगले कार्य दिवस को ये बैठक होगी |

## विद्यालय की दैनिक दिनचर्या

### (प्रातःकालीन) सभा

| विवरण | समय |
|---|---|
| उपस्थिति | 02 मिनट |
| प्रार्थना | 04 मिनट |
| आज का विचार | 01 मिनट |
| आज का समाचार | 02 मिनट |
| सामूहिक शारीरिक प्रशिक्षण/योग | 10 मिनट |
| राष्ट्रगान | 01 मिनट |
| कुल | 20 मिनट |

# समय-सारणी

## एकल शिफ्ट विद्यालयों के लिये

| पीरियड | ग्रीष्मकालीन समय (1 मार्च, 2015 से 30 नवम्बर, 2015 तक) | शीतकालीन समय (1 दिसम्बर, 2015 से 29 फरवरी, 2016 तक) |
|---|---|---|
| प्रातःकालीन सभा | 8.00 प्रातः से 8.20 प्रातः तक | 9.30 प्रातः से 9.50 प्रातः तक |
| पहला पीरियड | 8.20 प्रातः से 9.05 प्रातः तक | 9.50 प्रातः से 10.30 प्रातः तक |
| दूसरा पीरियड | 9.05 प्रातः से 9.50 प्रातः तक | 10.30 प्रातः से 11.10 प्रातः तक |
| तीसरा पीरियड | 9.50 प्रातः से 10.35 प्रातः तक | 11.10 प्रातः से 11.50 प्रातः तक |
| चौथा पीरियड | 10.35 प्रातः से 11.20 प्रातः तक | 11.50 प्रातः से 12.30 अपराह्न तक |
| पाँचवा पीरियड | 11.20 प्रातः से 12.00 प्रातः तक | 12.30 अपराह्न से 1.10 अपराह्नतक |
| मध्याह्न अवकाश | 12.00 प्रातः से 12.30 प्रातः तक | 1.10 अपराह्न से 1.30 अपराह्न तक |
| छठा पीरियड | 12.30 प्रातः से 1.10 अपराह्न तक | 1.30 अपराह्नसे 2.10 अपराह्न तक |
| सातवाँ पीरियड | 01.10 अपराह्न से 1.50 अपराह्न तक | 2.10 अपराह्न से 2.50 अपराह्न तक |
| आठवाँ पीरियड | 1.50 अपराह्न से 2.30 अपराह्न तक | 2.50 अपराह्न से 3.30 अपराह्न तक |

## दोहरी शिफ्ट वाले विद्यालयों की समय सारिणी - (1 मार्च से 30 नवम्बर तक)

| **पीरियड** | **प्रथम शिफ्ट (7:00 प्रातः से 12:30 अपराह्न तक)** | **द्वितीय शिफ्ट (12:45 अपराह्न से 6:15 अपराह्न तक)** |
|---|---|---|
| प्रातःकालीन सभा | 7:00 प्रातः से 7:20 प्रातः तक | 12:45 अपराह्न से 1:05 अपराह्न तक |
| पहला पीरियड | 7:20 प्रातः से 7:55 प्रातः तक | 1:05 अपराह्न से 1:40 अपराह्न तक |
| दूसरा पीरियड | 7:55 प्रातः से 8:30 प्रातः तक | 1:40 अपराह्न से 2:15 अपराह्न तक |
| तीसरा पीरियड | 8:30 प्रातः से 9:05 प्रातः तक | 2:15 अपराह्न से 2:50 अपराह्न तक |
| चौथा पीरियड | 9:05 प्रातः से 9:40 प्रातः तक | 2:50 अपराह्न से 3:25 अपराह्न तक |
| मध्याह्न अवकाश | 9:40 प्रातः से 10:10 प्रातः तक | 3:25 अपराह्न से 3:55 अपराह्न तक |
| पाँचवा पीरियड | 10:10 प्रातः से 10:45 प्रातः तक | 3:55 अपराह्न से 4:30 अपराह्न तक |
| छठा पीरियड | 10:45 प्रातः से 11:20 प्रातः तक | 4:30 अपराह्न से 5:05 अपराह्न तक |
| सातवाँ पीरियड | 11:20 प्रातः से 11:55 प्रातः तक | 5:05 अपराह्न से 5:40 अपराह्न तक |
| आठवाँ पीरियड | 11:55 प्रातः से 12:30 अपराह्न तक | 05:40 अपराह्न से 6:15 अपराह्न तक |

## दोहरी शिफ्ट वाले विद्यालयों की समय सारिणी - (1 दिसम्बर से 28 फरवरी तक)

| **पीरियड** | **प्रथम शिफ्ट (7:55 प्रातः से 12:30 अपराह्न तक)** | **द्वितीय शिफ्ट (12:40 अपराह्न से 5:15 अपराह्न तक)** |
|---|---|---|
| प्रातःकालीन सभा | 7:55 प्रातः से 8:15 प्रातः तक | 12:40 अपराह्न से 1:00 अपराह्न तक |
| पहला पीरियड | 8:15 प्रातः से 8:45 प्रातः तक | 1:00 अपराह्न से 1:30 अपराह्न तक |
| दूसरा पीरियड | 8:45 प्रातः से 9:15 प्रातः तक | 1:30 अपराह्न से 2:00 अपराह्न तक |
| तीसरा पीरियड | 9:15 प्रातः से 9:45 प्रातः तक | 2:00 अपराह्न से 2:30 अपराह्न तक |
| चौथा पीरियड | 9:45 प्रातः से 10:15 प्रातः तक | 2:30 अपराह्न से 3:00 अपराह्न तक |
| मध्याह्न अवकाश | 10:15 प्रातः से 10:30 प्रातः तक | 3:00 अपराह्न से 3:15 अपराह्न तक |
| पाँचवा पीरियड | 10:30 प्रातः से 11:00 प्रातः तक | 3:15 अपराह्न से 3:45 अपराह्न तक |
| छठा पीरियड | 11:00 प्रातः से 11:30 प्रातः तक | 3:45 अपराह्न से 4:15 अपराह्न तक |
| सातवाँ पीरियड | 11:30 प्रातः से 12:00 प्रातः तक | 4:15 अपराह्न से 4:45 अपराह्न तक |
| आठवाँ पीरियड | 12:00 अपराह्न से 12:30 अपराह्न तक | 4:45 अपराह्न से 5:15 अपराह्न तक |

दुःख भोगने से सुख के मूल्य का ज्ञान होता है।

# अवकाश

## राजपत्रित अवकाशः–

| क्र0 सं0 | अवकाश के नाम | दिवस | तिथि | छुट्टियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | महावीर जयंती | वीरवार | 2 अप्रैल, 2015 | 1 |
| 2. | बैशाखी/डॉ भीमराव अम्बेदकर जंयती | मंगलवार | 14 अप्रैल, 2016 | 1 |
| 3. | भगवान परशुराम जयंती | सोमवार | 20 अप्रैल, 2015 | 1 |
| 4. | महाराणा प्रताप जयंती | बुधवार | 20 मई, 2015 | 1 |
| 5. | ईद–उल– फितर | शनिवार | 18 जुलाई, 2015 | 1 |
| 6. | स्वतंत्रता दिवस | शनिवार | 15 अगस्त, 2015 | 1 |
| 7. | तीज | सोमवार | 17 अगस्त, 2015 | 1 |
| 8. | जन्माष्टमी | शनिवार | 5 सितम्बर, 2015 | 1 |
| 9. | हरियाणा वीर एंव शहीदी दिवस | बुधवार | 23 सितम्बर, 2015 | 1 |
| 10. | ईद–उल–जुहा (बकरी ईद) | शुक्रवार | 25 सितम्बर, 2015 | 1 |
| 11. | महात्मा गांधी जयंती | शुक्रवार | 2 अक्तूबर, 2015 | 1 |
| 12. | महाराजा अग्रसैन जयंती | मंगलवार | 13 अक्तूबर, 2015 | 1 |
| 13. | दशहरा | वीरवार | 22 अक्तूबर, 2015 | 1 |
| 14. | वाल्मीकि जंयती | मंगलवार | 27 अक्तूबर, 2015 | 1 |
| 15. | दिवाली | बुधवार | 11 नवम्बर, 2015 | 1 |
| 16. | विश्वकर्मा दिवस | वीरवार | 12 नवम्बर, 2015 | 1 |
| 17. | गुरू नानक देव जयंती | बुधवार | 25 नवम्बर, 2015 | 1 |
| 18 | गुरू गोबिन्द सिंह जंयती | शनिवार | 16 जनवरी, 2016 | 1 |
| 19. | गणतंत्र दिवस | मंगलवार | 26 जनवरी, 2016 | 1 |
| 20. | सर छोटू राम जंयती/बसंत पंचमी | शुक्रवार | 12 फरवरी, 2016 | 1 |
| 21. | गुरू रविदास जंयती | सोमवार | 22 फरवरी, 2016 | 1 |
| 22. | महर्षि दयानन्द सरस्वती जंयती | शुक्रवार | 4 मार्च, 2016 | 1 |
| 23. | महा शिवरात्री | सोमवार | 7 मार्च, 2016 | 1 |
| 24 | भगत सिंह/राजगुरू/सुखदेव | | | |
| | शहीदी दिवस | बुधवार | 23 मार्च, 2016 | 1 |
| 25. | होली | वीरवार | 24 मार्च, 2016 | 1 |

## दूसरा शनिवार/रविवार/अवकाश के दिनों में आने वाले राजपत्रित अवकाशों का विवरणः–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संत कबीर जंयती | मंगलवार | 2 जून, 2015 | 1 |
| 2. | हरियाणा दिवस | रविवार | 1 नवम्बर, 2015 | 1 |
| 3. | क्रिसमिस | शुक्रवार | 25 दिसम्बर, 2015 | 1 |
| 4. | शहीद उधम सिंह जयंती | शनिवार | 26 दिसम्बर, 2015 | 1 |

## स्थानीय अवकाशों का विवरणः–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रक्षा बन्धन | शनिवार | 29 अगस्त, 2015 | 1 |
| 2. | करवा चौथ | शुक्रवार | 30 अक्तूबर, 2015 | 1 |
| 3. | भैया दूज | शुक्रवार | 13 नवम्बर, 2015 | 1 |
| 4. | मकर सक्रान्ति | वीरवार | 14 जनवरी 2016 | 1 |

दु:ख का भोज करने में भी एक प्रकार का नाशकारी मोह है।

# अवकाश

## प्रथम सैमेस्टर (1 अप्रैल 2015 से 30 सितम्बर 2015 तक)

| अवकाश | अवधि | कुल दिन |
|---|---|---|
| गीष्मावकाश | 1 जून 2015 से 30 जून 2015 | 30 दिन |

## द्वितीय सैमेस्टर (1 अक्तूबर 2015 से शैक्षिक वर्ष की समाप्ति तक)

| अवकाश | अवधि | कुल दिन |
|---|---|---|
| शरद अवकाश | 25 दिसम्बर 2015 से 8 जनवरी 2016 | 15 दिन |

## सैमेस्टर अनुसार अवकाश–वर्गीकरणः–

| अवकाश की प्रवृति | प्रथम सैमेस्टर | द्वितीय सैमेस्टर |
|---|---|---|
| 1. ग्रीष्मावकाश/शीतकालीन अवकाश | 30 | 15 |
| 2. सभी अन्य दूसरे शनिवार | 05 | 06 |
| 3. सभी अन्य रविवार | 22 | 24 |
| 4. राजपत्रित अवकाश | 10 | 15 |
| 5. स्थानीय अवकाश | 01 | 03 |
| कुल | 68 | 63 |

| | | |
|---|---|---|
| | 183 – 68 = 115 | 183 – 63 = 120 |
| | कुल कार्य दिवस | 235 |

(1) यदि किसी कारणवश रेडियो/टी.0वी0 पर सरकार/विभाग द्वारा राज्य में कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित हो तो वह भी विद्यालयों में मान्य होगा। (2) शिक्षा पंचाग एवं हरियाणा सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित समान अवकाश की तिथि में यदि कोई विसंगति हो तो ऐसी स्थिति में हरियाणा सरकार द्वारा जारी अधिसूचना की तिथि को ठीक मानते हुए इस शिक्षा पंचाग में वैसा ही संशोधन माना जाये।

उत्सव व अवकाश – (1) प्रत्येक माह में अंकित उत्सव उत्साहपूर्वक मनाये जायें। (2) उत्सव के दिन रविवार/स्वीकृत अवकाश हो तो उसे एक दिन पहले मनाया जाये। (3) 15 अगस्त तथा 26 जनवरी को पूर्ण अवकाश होते हुए भी उत्सव मनाया जाना अनिवार्य है। (4) ग्रीष्मावकाश, शीतकालीन अवकाश के दिनों में मंत्रालयिक कर्मचारी विद्यालय में उपस्थित रहेंगे। (5) जिला उपायुक्त द्वारा घोषित अवकाश सम्बन्धित जिले के विद्यालयों में मान्य होंगे।

# सह-सहायक क्रियाकलाप

## सह-सहायक क्रियाकलापों का विवरण (कक्षा छठी से बारहवीं तक)

| | |
|---|---|
| समूहगान व एकल गीत | हिन्दी में भाषण |
| समूह नृत्य व एकल नृत्य | कहानी सुनाना |
| गणित प्रश्नोत्तरी | श्लोक उच्चारण (हिन्दी/संस्कृत) |
| लोक नृत्य | फैन्सी ड्रैस प्रतियोगिता |
| अंताक्षरी (पाठ्यक्रम पर आधारित) | निबंध लेखन (हिन्दी/अग्रेज़ी) |
| विज्ञान प्रश्नोत्तरी | गणित/विज्ञान (प्रश्नोत्तरी) |
| बाल कवि सम्मेलन | क्ले मॉडलिंग |
| पेंटिंग प्रतियोगिता | बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट |
| सुलेख प्रतियोगिता | पत्र वाचन प्रतियोगिता (हिन्दी/अंग्रेज़ी) |
| वाद-विवाद प्रतियोगिता (हिन्दी) | |

स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण कैम्प एवं गतिविधियों की रूप रेखा निम्नानुसार है:-

- **विद्यालय स्तरीय गतिविधियां:-** प्रत्येक विद्यालय में यूनिट स्तर पर कब, बुलबुल, स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर का प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित पाठयक्रमानुसार प्रत्येक मास के पहले व तीसरे शनिवार को आयोजित किया जाएगा। (सितम्बर व मार्च मास को छोड़कर)।
- **जिला स्तरीय गतिविधियां:-** प्रत्येक जिलें मे कब, बुलबुल, स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर व यूनिट लीडर्स के प्रशिक्षण कैम्प ग्रीष्मावकाश व शरद अवकाश के दौरान आयोजित किए जाएंगें। स्काउट गाइड कब, बुलबुल के लिए जिला स्तरीय स्तर जांच कैम्प व जिला स्तरीय रैली का आयोजन 1 से 15 नवम्बर तक किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तिथि सुनिश्चित की जायेगी।
- **राज्यस्तरीय गतिविधियां:-** निदेशालय माध्यमिक शिक्षा हरियाणा पंचकुला तथा राज्य मुख्यालय, हरियाणा राज्य भारत स्काउट एवं गाइड चंडीगढ़ द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार आयोजित की जाएगी। स्काउट गाइड कब बुलबुल के लिए राज्य स्तरीय स्तर जांच कैम्प व राज्य स्तरीय रैली का आयोजन नवम्बर के अंतिम सप्ताह में किया किया जायेग। निदेशालय द्वारा तिथि सुनिश्चित की जायेगी।
- **राष्ट्रीय तथा अंतराष्ट्रीय गतिविधियां:-** राष्ट्रीय मुख्यालय भारत स्काउट एवं गाइड, नई दिल्ली द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार आयोजित की जाएंगी।
- **एन0सी0सी प्रशिक्षण कैम्प** एन0सी0सी0 यूनिट कार्यालय द्वारा दिये गये कार्यक्रम के अनुसार ग्रीष्मावकाश में लगाए जाएगें।
- **एन.एस.एस. कैम्प** आधारित विभिन्न गतिविधियां महानिदेशक उच्चतर शिक्षा हरियाणा पंचकूला द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार ग्रीष्मावकाश में आयोजित की जाएंगी।
- **जूनियर रैड क्रॉस, प्राथमिक सहायता, होम नर्सिंग व एम्बुलेंस बिग्रेड** के प्रशिक्षण कैम्प व अन्य गतिविधियां भारतीय रैड क्रॉस सोसायटी हरियाणा शाखा चण्डीगढ़ द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार करवाई जाएंगी।
- **ईको क्लब** रैली व अन्य गतिविधियों का आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) को किया जायेगा तथा जुलाई व अगस्त के दौरान विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।
- **रैडरिबन क्लब** की गतिविधियां विश्व एड्स दिवस (1 दिसम्बर) को आयोजित की जाएंगी।
- **एडवैंचर क्लब** की गतिविधियां व एडवैंचर कैम्प ग्रीष्मकालीन अवकाश व शीतकालीन अवकाश के दौरान आयोजित की जाएंगी।
- **डिजास्टर मैनेजमैंट क्लब** की गतिविधियां व मॉक ड्रिल प्रत्येक विद्यालय में अप्रैल मास के दौरान आयोजित की जाएंगी।
- **लीगल लिटरेसी क्लब** की गतिविधियां व प्रतियोगिताएं, हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार करवाई जाएंगी।
- **भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड** की ओर से पेंटिग प्रतियोगिता प्रत्येक स्कूल में अगस्त मास के अन्तिम सप्ताह में आयोजित करवाई जाएंगी।
- **यातायात सुरक्षा सम्बन्धी गतिविधियां व प्रतियोगिताएं** जनवरी के तीसरे सप्ताह में सभी विद्यालयों में आयोजित की जाएंगी।

## राज्य स्तरीय खेल–गतिविधियों का विवरण (कक्षा छठी से बारहवीं तक)

| Sr. No. | Date | Place | Games | Age Group |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 03-08-2015 to 05-08-2015 | Bhiwani | Football Pre Subroto<br>Pre-Nehru Hockey | U-17 Girls<br>U-17 Girls |
| 2. | 03-08-2015 to 05-08-2015 | Gurgaon | Pre-Nehru Hockey | U-17 Boys<br>U-15 Boys |
| 3. | 03-08-2015 to 05-08-2015 | Panipat | Football pre Subroto | U-17 Boys |
| 4. | 03-08-2015 to 05-08-2015 | Rewari | Pre Subroto Football | U-14 Boys |
| 5. | 19-08-2015 to 21-08-2015 | Kurukshetra | Cycling<br>Rifle Shooting<br>Volleyball<br>Karate | U-17,19 B&G<br>U-17,19 B&G<br>U-17,19 Girls<br>U-17, 19 B&G |
| 6. | 19-08-2015 to 21-08-2015 | Karnal | Boxing<br>Volleyball<br>Fencing<br>Skating<br>Roller Hockey | U-17,19 Girls<br>U-17,19 Boys<br>U-17,19 B&G<br>U-17,19 B&G<br>U-19 Boys |
| 7. | 19-8-2015 to 21-8-2015 | Sonepat | Tae-Kwang-do<br>Judo<br>Boxing<br>Table Tennis<br>Wrestling (F/S) | U-14 B&G<br>U-14 B&G<br>U-14 Boys<br>U-14 B&G<br>U-14 Boys |
| 8. | 26-08-2015 to 28-08-2015 | Panipat | Football<br>Basketball<br>Wrestling (F/S) (G/R) | U-17,19 Boys<br>U-17,19 Boys<br>U-17,19 Boys |
| 9. | 26-08-2015 to 28-08-2015 | Kaithal | Kho-Kho<br>Softball<br>Kabaddi | U-17,19 Girls<br>U-17,19 Girls<br>U-17,19 Girls |
| 10. | 26-08-2015 to 28-8-2015 | Jind | Rifle Shooting<br>Handball<br>Kho-Kho<br>Hockey<br>Fencing | U-14 B&G<br>U-14 B&G<br>U-14 B&G<br>U-14 B&G<br>U-14 B&G |
| 11. | 01-09-2015 to 03-09-2015 | Kaithal | Baseball<br>Kho-Kho<br>Kabaddi<br>Wrestling (F/S) | U-17,19 Boys<br>U-17 Boys<br>U-17,19 Boys<br>U-19 Girls |
| 12. | 01-09-15 to 03-09-2015 | Ambala | Volleyball<br>Softball<br>Lawn Tennis<br>Gymnastics<br>(Artistic, Rhythmic) | U-14 B&G<br>U-14 B&G<br>U-14 B&G<br>U-14 B&G<br>U-14 Girls |
| 13. | 01-09-2015 to 03-09-2015 | Panchkula | Athletics<br>Yoga<br>Skating<br>Cricket | U-14 B&G<br>U-14 B&G<br>U-11, 14 B&G<br>U-14 Boys |
| 14. | 13-10-2015 to 15-10-2015 | Yamuna Nagar | Netball<br>Weightlifting<br>Football<br>Lawn Tennis<br>Judo | U-17,19 B&G<br>U-17,19 B&G<br>U-17 Girls<br>U-17,19 B&G<br>U-17,19 Girls |
| 15. | 13-10-2015 to 15-10-2015 | Gurgaon | Swimming & Diving/<br>Water Polo<br>Hockey<br>Archery | U-17,19 B&G<br>U-19 Boys<br>U-17 B&G<br>U-17,19 B&G |
| 16. | 13-10-2015 to 15-10-2015 | Bahadurgarh (Jhajjar) | Circle Kabaddi<br>Tae-kwan-do<br>Cricket | U-17,19 Boys<br>U-17,19 B&G<br>U-19 Boys |

दु:ख का भोज करने में भी एक प्रकार का नाशकारी मोह है।

## सह–सहायक क्रियाकलापों का विवरण (कक्षा छठी से बारहवीं तक)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 17. | 19-10-2015 to 21-10-2015 | Hisar | Judo<br>Softball<br>Handball | U-17,19 Boys<br>U-17,19 Boys<br>U-17,19 Boys |
| 18. | 19-10-2015 to 21-10-2015 | Ambala | Gymnastics(Artistic)<br>(Acrobatic)<br>(Rhythmic)<br>Cricket | U-17,19 B&G<br><br>U-19 B&G<br>U-17, 19 Girls<br>U-19 Girls |
| 19. | 19-10-2015 to 21-10-2015 | Bhiwani | Baseball<br>Basketball<br>Netball<br>Badminton | U-14 B&G<br>U-14 B&G<br>U-14 B&G<br>U-14 B&G |
| 20. | 19-10-2015 to 21-10-2015 | Sirsa | Football<br>Swimming & Diving Archery<br>Kabaddi | U-14 B&G<br>U-14 B&G<br>U-14 B&G<br>U-14 B&G |
| 21. | 03-11-2015 to 05-11-2015 | Panchkula | Table Tennis<br>Athletics<br>Badminton | U-17,19 B&G<br>U-17,19 B&G<br>U-17,19 B&G |
| 22. | 03-11-2015 to 05-11-2015 | Karnal | Baseball<br>Basketball<br>Cricket | U-17,19 Girls<br>U-17,19 Girls<br>U-17 Boys |
| 23. | 03-11-2015 to 05-11-2015 | Yamuna Nagar | Handball<br>Football<br>Hockey<br>Yoga | U-17,19 Girls<br>U-19 Girls<br>U-19 Girls<br>U-17,19 B&G |
| 24 | 03-11-2015 to 05-11-2015 | Bhiwani | Hockey<br>Boxing<br>Kho-Kho | U-19 Boys<br>U-17,19 Boys<br>U-19 Boys |

## खेल–गतिविधियों का विवरण (कक्षा पहली से पांचवीं तक)

| खेल प्रतियोगिताएं | माह | खेलों की सूची |
|---|---|---|
| स्कूल स्तर पर | 17 से 22 अगस्त के मध्य | योगा / खो–खो / दौड़ / लम्बी छलांग / |
| खण्ड स्तर पर | 7 से 12 सितम्बर के मध्य | ऊंची छलांग / कुश्ती / कबड्डी / |
| जिला स्तर पर | 1 से 7 अक्तूबर के मध्य | शॉट पुट / जिम्नास्टिक / रस्साकशी / |
| राज्य स्तर पर | 26 से 31 अक्तूबर के मध्य | शतरंज / कैरम इत्यादि। |

**सामान्य निर्देश :–**

सामूहिक पी0टी0 अथवा योगा अभ्यास प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए प्रति दिन (25 मिनट के लिए) नियमित रूप से आयोजित हो। इसके अतिरिक्त सभी विद्यार्थी कम से कम एक खेल में अवश्य भाग लेंगें। प्रत्येक विद्यालय द्वारा कम से कम कोई भी दो खेल अपनाये जायेगें जिसके लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाये।

इन क्रियाकलापों में सभी विद्यार्थियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित हो।

**प्रत्येक विद्यालय उपरोक्त में से कम से कम दो खेलों पर विशेष जोर देगा ।**

**टिप्पणी** :–सांस्कृतिक और खेल क्रियाकलापों में भाग लेने वाले छात्रों को 16 अंक तक अतिरिक्त (अधिकाधिक) दिए जाएंगे।

अंक वितरण

| खेल प्रतियोगिता | कुल अंक |
|---|---|
| क. विद्यालय स्तर | 4 अंक |
| ख. ब्लाक स्तर | 8 अंक |
| ग. जिला स्तर | 12 अंक |
| घ. राज्य स्तर | 16 अंक |

# प्रदर्शनियां और वार्षिक उत्सव

## विज्ञान प्रदर्शनियां

| स्तर | दिवस |
|---|---|
| क. जिला स्तर | मई–जून, 2015 |
| ख. राज्य स्तर | जुलाई, 2015 |
| ग. राष्ट्रीय स्तर | सितम्बर–अक्टूबर, 2015 |

## जवाहर लाल नेहरु विज्ञान एवं पर्यावरण प्रदर्शनियां

| स्तर | दिवस |
|---|---|
| क. खण्ड/विद्यायल स्तर | सितम्बर, 2015 |
| ख. जिला स्तर | अक्टूबर, 2015 |

## विज्ञान सेमीनार

| स्तर | दिवस |
|---|---|
| क. जिला स्तर | जुलाई, 2015 |
| ख. राज्य स्तर | अगस्त, 2015 |

## विज्ञान नाटिका

| स्तर | दिवस |
|---|---|
| क. जिला स्तर | अगस्त, 2015 |
| ख. राज्य स्तर | अक्टूबर, 2015 |

| उत्तर भारत विज्ञान मेला | दिसम्बर, 2015 |
|---|---|

| परीक्षा सैल | |
|---|---|
| एन0टी0एस0ई0 स्तर/एन0एम0एम0एस0 | नवम्बर, 2015 |

## युवा संसद प्रतियोगिता

| स्तर | दिवस |
|---|---|
| क. ट्रेनिंग कार्यक्रम | 8 से 10 जुलाई, 2015 |
| ख. जिला स्तर | 19 से 31 अगस्त, 2015 |
| ग. मण्डल स्तर | 6 से 12 नवम्बर, 2015 |
| घ. राज्य स्तर | 2 से 6 दिसम्बर, 2015 |

# प्रवेश उत्सव

राज्य में 6 से 14 वर्ष के बच्चों का 100 प्रतिशत नामांकन ठहराव एवं उन्हे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 2 तथा 3 की अनुपालना में अनिवार्य अंग है। शिक्षा के सार्वभौमिकरण का भी यह मुख्य अंग है तथा सर्व शिक्षा अभियान में भी इसे मुख्य उद्देश्यों में शामिल किया गया है, परन्तु आज भी यह देखने में आता है कि पूरे प्रदेश में अनेक बच्चे स्कूल से बाहर हैं, कुछ बच्चों का नामांकन के बाद ठहराव नहीं है तथा अगली कक्षा में बच्चों का अवस्थांतर, स्थानान्तर अति कमजोर है। खास तौर पर कक्षा पांच पास करने के बाद कक्षा 6 में शत प्रतिशत बच्चे दाखिला नहीं लेते अर्थात् उनकी शिक्षा को पाचंवी के बाद विराम लग जाता है। पिछले वर्ष जितने बच्चों ने आठवीं की परीक्षा पास की उन सबका कक्षा 9 में दाखिला नहीं हुआ, यह रूझान कक्षा आठ के नामांकन और कक्षा 9 के नामांकन का आंकलन करने पर स्वतः ही स्पष्ट हो जाता है। यह शिक्षा व्यवस्था के आने वाले समय के लिए उचित नहीं है तथा बालकों के लिए भी कल्याणकारी नहीं है। घटती छात्र संख्या तथा बालकों के Transition Rate में कमी सचमुच एक चिन्ता का विषय है जो पूरी शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिह्न लगाती है।

इसके लिए कक्षा 5 से 6, कक्षा 8 से 9 एवम कक्षा 10 से 11 की छात्र संख्या का परस्पर अवलोकन करने पर स्थिति और भी कमजोर प्रतीत होती है। Dropout rate का स्तर zero ना होना चिन्ता का विषय है। शिक्षा विभाग तथा सभी स्कूल मुखियाओं एवं अध्यापक समाज को इस पर व्यापक ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। नामांकन ठहराव तथा अवस्थांतर समुचित होने के कारण इसके लिए सर्वप्रथम कारण जानने की आवश्यकता है। सरकारी विद्यालयों में घटती छात्र संख्या पर विभिन्न अध्यापक संगठनो, स्वयं सेवी संस्थाओं तथा अभिभावकों से चर्चा करने पर मुख्यतः निम्न कारण बताये जाते हैः–

**ध्यान देने योग्य मुख्य बिन्दू**

1. बच्चों तथा अभिभावकों का गैर सरकारी विद्यालयों की ओर रूझान।
2. सरकारी विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया की पेचीदगी।
3. सरकारी विद्यालयों द्वारा नामांकन अभियान की नीरसता।
4. माता पिता की बालिका शिक्षा के प्रति अरूचि।
5. पड़ोस विद्यालय द्वारा नये बालकों के स्वागत की तैयारी का अभाव।
6. जन–सम्पर्क का अभाव।
7. स्कूल स्तरीय अन्य कठिनाईयां।

**इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उठाये जा रहे कल्याणकारी कदम**

सरकारी विद्यालयों की ओर रूझान बढ़ाने के मद्देनजर विभाग को स्कूलो में दी जा रही सुविधाओं जैसे निशुल्क शिक्षा तथा अन्य हकदारियों (जैसे पुस्तके, कार्यपुस्तके, स्टैशनरी, वर्दी, स्कूल बैग) को जन–जन तक पहुंचाने हेतु प्रयास किया जाना चाहिए, विभिन्न प्रचार माध्यमों से स्कूलों में छात्र अध्यापक अनुपात, गुणवत्ता शिक्षा, कम्पयूटर शिक्षा, वोकेशनल शिक्षा, मध्याह्न भोजन योजना, छात्रवृत्तियां आदि बारे बताया जाये। विद्यालय अपने यहां दाखिला सम्बन्धी सूचना का बैनर (गैर सरकारी विद्यालयों की भांति) लगाये। गत वर्ष कुछ विद्यालयों (SMC) द्वारा यह प्रयास भी किया गया जो सफल रहा। जिन विद्यालयों में 10+1 में विज्ञान संकाय है विशेषकर ऐसे विद्यालय अपने क्षेत्र के बच्चों को (सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालयों से 8 वीं और 10वीं पास करने वाले बच्चों को ) स्कूलों में लेकर आयें। इसके लिए विशेष नामांकन अभियान गत वर्ष की भांति चलाया जाये। बच्चों का दाखिला उसके घर जाकर किया जाये provisional admission के संदर्भ में गैर सरकारी विद्यालयों द्वारा यह प्रक्रिया अपनाई जाती है। माता–पिता जो अपने बच्चों की शिक्षा जारी रखने में अरूचि दिखाते है उनसे

व्यक्तिगत सम्पर्क किया जाये तथा बच्चों के दाखिले हेतु अभिप्रेरित किया जाये। इसके लिए एक योजनाबद्ध व्यापक जन सम्पर्क अभियान चलाया जाये। सामान्य दाखिला 1 अप्रैल से आरम्भ न करके 24 मार्च से आरम्भ किया गया है। प्रत्येक स्कूल इस सन्दर्भ में व्यापक प्रचार प्रसार करे। वार्षिक परिणाम 31 मार्च के स्थान पर 23 मार्च (शहीदी दिवस) को घोषित किया जाना है। ताकि दाखिला प्रक्रिया को व्यापक बनाया जा सके। प्रवेश उत्सव का आयोजन इसी दिन कर लिया जाए।

इसके लिए निम्नानुसार कार्यक्रम बनाया जाना प्रस्तावित हैः— तालिका एक

**टेबल नं0 1**— दाखिले की तिथि (23.03.2015 से 26.03.2015)

| क0 | गतिविधि | दायित्व | तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | परीक्षा परीणाम की घोषणा | कक्षा प्रभारी<br>स्कूल मुखिया | 23.3.2015 |
| 2. | पड़ोस विद्यालय को (जहां बच्चा कक्षा 6 या कक्षा 9 में दाखिला लेगा) सूची उपलब्ध करवाना | कक्षा प्रभारी<br>स्कूल मुखिया | 24.3.2015 |
| 3. | यदि बच्चा अगली कक्षा में उसी विद्यालय में जा रहा है तो नामांकन (सभी कक्षाओ के संदर्भ में) करना | कक्षा प्रभारी<br>स्कूल मुखिया | 24.3.2015 |
| 4. | पड़ोस विद्यालय में कक्षा प्रभारी या स्कूल मुखिया से दाखिले हेतु छोटे स्कूल द्वारा संपर्क | छोटे स्कूल का कक्षा प्रभारी या स्कूल मुखिया | 24.3.2015 से 26.03.2015 |
| 5. | सभी प्रकार के दाखिला फार्म भरना तथा अन्य बैंक खाता, औपचारिकताओं को पूरा करना | बड़े स्कूल का कक्षा प्रभारी या स्कूल मुखिया | 24.3.2015 से 26.03.2015 |
| 6. | कक्षाओं को निर्वाध रूप से आरम्भ | सभी कक्षा प्रभारी, विषय अध्यापक एवं स्कूल मुखिया | 24.3.2015 से |
| 7. | दाखिला सम्बन्धी रिपोर्ट लेना | ABRC/CRC/SIM<br>BEO/BEEO | 24.3.2015 से दाखिला सीमा समाप्त होने तक |

नोटः— हालांकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम में बच्चों को शैक्षणिक वर्ष के दौरान किसी भी समय दाखिल से वंचित नहीं किया जा सकता परन्तु कक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए माता—पिता और अभिभावकों को इस प्रक्रिया की अनिवार्यता बारे अवश्य अवगत करवाया जाये देरी से होने वाले दाखिले बच्चे के न्यूनतम शैक्षणिक दिवस और न्यूनतम शैक्षणिक घन्टों को प्रभावित करते हैं। किसी भी समय दाखिल का प्रावधान प्रवासी बच्चों के शिक्षा के अधिकार की रक्षा के लिए है। इससे सामान्य बच्चों पर नाकारात्मक प्रभाव न पड़े इसके लिए प्रयास जरूरी है।

CWSN विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के दाखिले के सन्दर्भ में विशेष आवश्यकता वाले बालको के सम्बन्ध में Special Teacher अपना विशेष योगदान दें।

**शिक्षा सेतु कार्ड :**

शिक्षा सेतु कार्ड हर बालक को उपलब्ध हो 23 मार्च प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान यह कार्ड सभी विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाए जाने है इसके लिए स्कूल मुखिया पूर्ण रूप से जिम्मेदार है। यह शिक्षा सेतु कार्ड बच्चों को आवश्यक रूप से उपलब्ध हो इसके लिए निम्नानुसार समय सारणी दी जा रही है जिसकी अनुपालना सुनिश्चित की जाए :–

**टेबल नं. 2**

| क0 | गतिविधि | दायित्व | समय सीमा |
|---|---|---|---|
| 1. | शिक्षा सेतु में बालक संबंधी सभी रिकार्ड उपयुक्त कालम में भरना। | कक्षा प्रभारी स्कूल मुखिया | 21.3.2015 |
| 2. | शिक्षा सेतु में बालक संबंधी भरे गए सभी रिकार्ड का मूल्यांकन करना तथा हस्ताक्षर इत्यादि करना। | कक्षा प्रभारी स्कूल मुखिया | 22.3.2015 |
| 3. | शिक्षा सेतु कार्ड बच्चों को उपलब्ध करवाना तथा रिकार्ड रजिस्टर में माता–पिता के हस्ताक्षर करवाना। | कक्षा प्रभारी स्कूल मुखिया | 23.3.2015 |

**टेबल नं. 3**

| क0 | गतिविधि | दायित्व | समय सीमा |
|---|---|---|---|
| 1. | कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं पास करने वाली विद्यार्थियों को चिन्हित करना। | कक्षा प्रभारी स्कूल मुखिया | 21.3.2015 |
| 2. | कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं पास करने वाले विद्यार्थियों के माता–पिता के नाम अर्ध सरकारी पत्र पर भरना। | कक्षा प्रभारी स्कूल मुखिया | 21.3.2015 |
| 3. | कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं पास करने वाले विद्यार्थियों के माता–पिता को अर्ध सरकारी पत्र उपलब्ध करवाना। | कक्षा प्रभारी स्कूल मुखिया | 23.3.2015 |
| 4. | कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं पास करने वाले विद्यार्थियों का दाखिला अगली कक्षा में करवाना। | कक्षा प्रभारी स्कूल मुखिया | 25.3.2015 |
| 5. | कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं पास करने वाले जिन विद्यार्थियों ने दाखिला अगली कक्षा में नहीं लिया है उनकी पहचान करना। | कक्षा प्रभारी स्कूल मुखिया | 26.3.2015 |
| 6. | क्रमांक 5 के अनुसार पहचान किए गए विद्यार्थियों के माता पिता से व्यक्तिगत सम्पर्क करना। | कक्षा प्रभारी स्कूल मुखिया | 27.3.2015 |
| 7. | क्रमांक 5 के अनुसार पहचान किए गए विद्यार्थियों की सूचना एस0एम0सी0, BEO, BEEO को उपलब्ध करवाना। | कक्षा प्रभारी स्कूल मुखिया | 31.3.2015 |
| 8. | जारी किए गए अर्ध सरकारी पत्रों का पूरा रिकार्ड BEO, BEEO को उपलब्ध करवाना। | कक्षा प्रभारी स्कूल मुखिया | 31.03.2015 |

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (के.जी.बी.वी.)

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (के.जी.बी.वी.) अधिकतर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्प संख्यक समुदाय की बालिकाओं के लिए उच्च प्राथमिक स्तर पर आवासीय स्कूलों की स्थापना करता है। के.जी.बी.वी. शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े खण्डों में स्थापित किये जाते हैं जहां महिला ग्रामीण साक्षरता राष्ट्रीय स्तर (2001 की जनगणना के अनुसार) से नीचे होती है।

इन विद्यालयों में उन बालिकाओं को लेने का प्रावधान है जिनकी उच्च प्राथमिक शिक्षा पूरी करने में अनेक सामाजिक बाधाएं आ रही हैं इसलिए इन स्कूलों में अनाथ बालिकाएं या जिसके माता या पिता में से एक जीवित हो, घरेलू झगड़ों से ग्रसित परिवारों की बालिकाएं एवं गरीबी रेखा से नीचे स्तर वाली बालिकाएं भी दाखिल की जा रही है। इन विद्यालयो में शिक्षा के अलावा छात्राओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल–कूद एवं अन्य गतिविधियां भी करवाई जाती हैं। ये विद्यालय इन छात्राओं को मुफ्त शिक्षा के साथ–साथ पौष्टिक भोजन, वर्दी एवं सर्वांगीण विकास के लिए अनेक अवसर उपलब्ध करवाते है।

हरियाणा राज्य में के.जी.बी.वी. योजना वर्ष 2006–07 में आरम्भ हुई थी तथा 36 के.जी.बी.वी. की स्वीकृति भारत सरकार द्वारा  दी गई थी। वर्तमान समय हरियाणा में 8 के.जी.बी.वी. (मेवात–3, पलवल–1, हिसार–2, जीन्द–2) आवासीय स्कूलों के रुप में चल रहे हैं तथा अन्य के.जी.बी.वी. को भी आवासीय स्कूल में शीध्र ही बदल दिया जाएगा। राज्य सरकार के अथक प्रयास से शैक्षणिक स्तर 2014–15 में 27 के.जी.बी.वी. के भवन का ब्यौरा इस प्रकार है जिनमें से 13 भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है 12 के.जी.बी.वी. भवनों का निर्माण कार्य उन्नति पर है, 2 भवनों के लिए टैण्डर आमंत्रित किए गए हैं।

के.जी.बी.वी. विद्यालयों में 2013–14 में खेल प्रतियोगिता, कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम और अनेक शैक्षणिक प्रतियोगिताओं (निबन्ध, कविता, भाषण आदि) का आयोजन करवाया गया जिसमें बालिकाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। गतवर्ष हरियाणा में पहली बार किशोर बालिकाओं के लिए स्कूलों में 2 दिन की कार्यशाला का आयोजन करवाया गया जिनमें बालिकाओं को पी.पी.टी., विडियो कलिपिंग के माध्यम से अनेक सामाजिक बुराइयों के बारे में जागरुक किया गया जिससे वे अपनी स्वंय रक्षा करने में सक्षम हो सकें। इन कार्यक्रमों से बालिकाओं में शिक्षा एवं खेल के महत्व के साथ–साथ आत्म विश्वास की भावना बलवती हुई।

# छात्रवृति/भत्ता स्कीमें

**राजीव गांधी छात्रवृति योजना :–**

मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए राजीव गांधी छात्रवृति योजना चलाई जा रही है जिसके तहत स्वतंत्र मिडल स्कूलों में कक्षा छठी से आठवीं के एक छात्र व एक छात्रा, जो कक्षा में प्रथम आते हैं, उन्हें 750/– रू0 प्रति वर्ष छात्रवृति के रूप में दिए जाते हैं।

**अनुसूचित जाति से संबंधित छठी कक्षा के छात्रों के लिए 789 Special Component Plan के तहत मुफ़्त साइकिल योजना :–**

इस योजना के तहत अनुसूचित जाति से संबंधित छठी कक्षा के उन लड़के/लड़कियों को साइकिलें बाँटी जाती है जिनके घर से विद्यालय की दूरी 2 कि0मी0 या उससे अधिक है।

**कक्षा एक से आठ के अनुसूचित जाति छात्र/छात्राओं के लिए मासिक भत्ता**

इस योजना के तहत कक्षा एक से आठ के सभी अनुसूचित जाति के छात्र एंव छात्राओं को निम्न प्रकार से मासिक भत्ता दिया जा रहा है :–

1. सभी अनुसूचित जाति लड़कों को (कक्षा 1 से 5) / 150/– रू प्रति मास 12 महीनों के लिए।
2. सभी अनुसूचित जाति लड़कियों को (कक्षा 1 से 5) / 225/– रू प्रति मास 12 महीनों के लिए।
3. सभी अनुसूचित जाति लड़कों को (कक्षा 6 से 8) / 200/– रू प्रति मास 12 महीनों के लिए।
4. सभी अनुसूचित जाति लड़कियों को (कक्षा 6 से 8) / 300/– रू प्रति मास 12 महीनों के लिए।

इस योजना के तहत यह राशि छात्र, छात्राओं को प्रति मास के हिसाब से तिमाही बाँटी जाती है।

**कक्षा एक से आठ के BPL छात्र/छात्राओं के लिए मासिक भत्ता**

अनुसूचित जाति की योजना के समान हरियाणा के राजकीय विद्यालयो में कक्षा एक से आठ में पढ़ने वाले BPL जाति से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को निम्नलिखित दरों के अनुसार मासिक भत्ता दिया जाता है:–

1. BPL वर्ग के सभी लड़कों को (कक्षा 1 से 5) / 75/– रू प्रति मास 12 महीनों के लिए।
2. BPL वर्ग की सभी लड़कियों को (कक्षा 1 से 5) / 150/– रू प्रति मास 12 महीनों के लिए।
3. BPL वर्ग के सभी लड़कों को (कक्षा 6 से 8) / 100/– रू प्रति मास 12 महीनों के लिए।
4. BPL वर्ग की सभी लड़कियों को (कक्षा 6 से 8) / 200/– रू प्रति मास 12 महीनों के लिए।

इस योजना के तहत यह राशि छात्र, छात्राओं को प्रति मास के हिसाब से तिमाही बाँटी जाती है।

**कक्षा 1 से 8 के BC-A छात्र/छात्राओं के लिए मासिक भत्ता**

अनुसूचित जाति की योजना के समान सरकार द्वारा हरियाणा के राजकीय विद्यालयो में कक्षा 1 से 8 में पढ़ने वाले BC-A जाति से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को निम्नलिखित दरों के अनुसार मासिक भत्ता दिया जाता है:–

1. BC-A वर्ग के सभी लड़कों को (कक्षा 1 से 5) / 75/– रू प्रति मास 12 महीनों के लिए।
2. BC-A वर्ग के सभी लड़कियों को (कक्षा 1 से 5) / 150/– रू प्रति मास 12 महीनों के लिए।
3. BC-A वर्ग के सभी लड़कों को (कक्षा 6 से 8) / 100/– रू प्रति मास 12 महीनों के लिए।
4. BC-A वर्ग के सभी लड़कियों को (कक्षा 6 से 8) / 200/– रू प्रति मास 12 महीनों के लिए।

इस योजना के तहत यह राशि छात्र, छात्राओं को प्रति मास के हिसाब से तिमाही बाँटी जाती है।

**कक्षा 1 से 8 के अनुसूचित जाति के छात्र/छात्राओं के लिए नकद पुस्कार योजना (वर्ष में एक बार)**

इस योजना के तहत अनुसूचित जाति के लडकें और लडकियों को स्टेशनरी वस्तुएं जैसे Geometry Box, Colour Pencil आदि खरीदने के लिए वर्ष में एक बार निम्नलिखित दरों पर भत्ता दिया जा रहा है:–

| | |
|---|---|
| कक्षा पहली | 740/–रू |
| कक्षा दूसरी | 750/–रू |
| कक्षा तीसरी | 960/–रू |
| कक्षा चौथी | 970/–रू |
| कक्षा पांचवीं | 980/–रू |
| कक्षा छठी से आठवीं | 1250/–रू |

**''कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (KGBV)** में कक्षा 1 से 8 में पढ़ने वाली बालिकाओं के लिए छात्रवृत्ति योजनाः–**

राज्य सरकार ने इस वित्त वर्ष से ''कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (KGBV)** में कक्षा 1 से 8 में पढ़ने वाली बालिकाओं के लिए छात्रवृत्ति योजना शुरू की है, जिसके तहत SC, BC-A, BPL वर्ग से संबंधित छात्राओं को राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाली SC, BC-A, BPL वर्ग से संबंधित छात्राओं के समान रेट पर भत्ता दिया जाना है।

ईमानदार आदमी का सोचना हमेशा न्यायपूर्ण होता है।

# अब पढ़ना पक्का

1. मुझे निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा ग्रहण करने से कोई नहीं रोक सकता अब यह मेरा मौलिक अधिकार है जो शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 द्वारा अप्रैल 2010 से मिला है।

   ''तो अब पढ़ना पक्का''

2. मुझे मेरे स्कूल को कोई फीस नहीं देनी पड़ेगी। हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा सभी प्रकार की फीस लेनी बन्द कर दी गई है।

   ''तो अब पढ़ना पक्का''

3. मुझे दाखिले के लिए कोई परीक्षा नहीं देनी पड़ेगी।

   ''तो अब पढ़ना पक्का''

4. मुझे प्रमाण पत्र आयु और स्थानान्त्रण प्रमाण पत्र के अभाव में दाखिले से वंचित नहीं किया जा सकता ।

   ''तो अब पढ़ना पक्का''

5. चाहे मैं लड़का हूं या लड़की, हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौध, जैन या पारसी, कोई भी हूं– चाहे हरियाणा का हूं या अन्य राज्य का चाहे मेरी भाषा या धर्म या जाति कोई भी है, मुझे अन्य बच्चों के साथ समान और बिना भेद–भाव के शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार है।

   ''तो अब पढ़ना पक्का''

6. चाहे मैं स्कूल नहीं जा सकी या बीच में स्कूल छोड़ गई मुझे मेरी आयु की कक्षा में पढ़ने से कोई नहीं रोक सकता और मुझे अब विशेष प्रशिक्षण भी मिलना है।

   ''तो अब पढ़ना पक्का''

7. मेरा परिवार प्रवासी परिवार है जो नौकरी की तलाश में आया है। अब मुझे यहां भी पढ़ने का मौका मिलेगा।

   ''तो अब पढ़ना पक्का''

8. मुझे किसी बोर्ड परीक्षा में नहीं बैठना है अब नहीं डर है मेरी मौलिक शिक्षा बीच में खत्म होने का ।

   ''तो अब पढ़ना पक्का''

9. मेरा स्कूल सुरक्षित स्थान पर है जहां पहुंचना आसान है ।

   ''तो अब पढ़ना पक्का''

10. मेरा प्राथमिक स्कूल मेरे पड़ोस से 1 किलोमीटर के दायरे में है जहां जाना आसान है ।

    ''तो अब पढ़ना पक्का''

11. मेरा उच्च प्राथमिक स्कूल मेरे गांव/वार्ड/पड़ोस के 3 किलोमीटर के दायरे में है। अब मैं Dropout नहीं हो सकती और स्कूल सुविधा का लाभ ले सकती हूँ।

    ''तो अब पढ़ना पक्का''

12. मेरा स्कूल मेरे गांव/वार्ड में नहीं है। मुझे सुरक्षित यातायात मिलेगा और मेरी शिक्षा आगे बढ़ती रहेगी।

    ''तो अब पढ़ना पक्का''

13. मेरे स्कूल में अध्यापक पूरे हैं हम खाली नहीं बैठेंगे और हर कक्षा के प्रत्येक विषय में पढ़ाई नहीं रुकेगी और हम गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे।

    ''तो अब पढ़ना पक्का''

14. मेरे स्कूल में सहपाठ्य क्रियाओं के लिए कला अध्यापक, शारीरिक शिक्षण अध्यापक और कार्य अनुभव अध्यापक हैं अब हम पढ़ाई के साथ–साथ अन्य कार्य भी सीखेंगे जो जीवन उपयोगी अधिगम होगा।

    ''तो अब पढ़ना पक्का''

15. मेरा प्राथमिक स्कूल शैक्षणिक वर्ष में कम से कम 200 दिन लगेगा। मेरा पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा हो सकेगा। ''तो अब पढ़ना पक्का''

16. मेरा उच्च प्राथमिक स्कूल शैक्षणिक वर्ष में 220 दिन लगेगा, जिसमें क्रियाकलाप आधारित शिक्षण अधिगम और सतत एवं व्यापक मूल्यांकन संभव हो सकेगा।

''तो अब पढ़ना पक्का''

17. अब मेरे स्कूल में सभी सुविधाएं है। खुले हवादार कमरे, शौचालय, पीने का पानी, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेल का मैदान, किचन शैड, चारदिवारी, खेल का सामान, समाचार पत्र। अब हमें बोरियत नहीं होगी, हम खुशी से स्कूल आऐंगे।

''तो अब पढ़ना पक्का''

18. हमारे अध्यापक अब हर रोज स्कूल आएंगे क्योंकि उन्हें अब गैर शैक्षणिक काम नहीं करने पड़ेंगे, वो हमारे शिक्षण और अनुदेशन पर ज्यादा ध्यान दे सकेंगे।

''तो अब पढ़ना पक्का''

19. अध्यापक हमारे गुरुजन अब दोस्त की तरह हमारी जरुरत का ध्यान रखकर पढ़ायेंगे, बिना मार–पीट और प्रताड़ना के हमारी हर जरूरत का ध्यान रखेंगे और बाल मित्रवत्त स्कूली शिक्षण होगा।

''तो अब पढ़ना पक्का''

20. मैने देर से स्कूल शुरु किया तो अध्यापक अतिरिक्त समय देकर मेरी शिक्षण अधिगम कमी को पूरा कर देंगे, मेरे बीमार रहने से विद्यालय से लम्बे समय तक अनुपस्थित रहने की हानि अब नहीं होगी।

''तो अब पढ़ना पक्का''

21. मेरे अध्यापक हर महीने मेरी शिक्षण प्रगति को मुझे और मेरे माता–पिता को बतायेंगे और उसमें सुधार करेंगे। तो अब डर नहीं है और फेल होने का सदमा भी नहीं लगेगा।

''तो अब पढ़ना पक्का''

22. अध्यापक प्राईवेट टयूशन नहीं करेंगे और हम पर भी ट्यूशन पढ़ने का दबाव नहीं डालेंगे। हमें ज्यादा समय दे पायेंगे और ज्यादा रूचि और ऊर्जा से पढ़ा सकेंगे।

''तो अब पढ़ना पक्का''

23. मेरे स्कूल में अब मेरा पूरा रिकार्ड होगा। उसकी पूरी जानकारी रहेगी। मेरे भविष्य में रिकार्ड में गलती नहीं हो पाएगी।

''तो अब पढ़ना पक्का''

24. हमारे माता–पिता SMC कमेटी के माध्यम से हर कमी की देखरेख करेंगे और उसके सुधार में मदद करेगें। स्कूल सुंदर बनेगा, हमें ज्यादा आंनद आयेगा और हर सुविधा भी मिलेगी।

''तो अब पढ़ना पक्का''

25. अब नई वर्दी, नया बस्ता, नई कापी किताब और स्टेशनरी हर वर्ष आठवीं कक्षा पूरी होने तक मिलेगी माता–पिता पर खर्च का काई बोझ नहीं ।

''तो अब पढ़ना पक्का''

26. अब अगर कोई गड़बड़ होगी तो मैं 1800100110 पर फोन करके समाधान हेतु निवेदन करुंगी। निश्चित समय–सीमा में मेरी समस्या का समाधान होगा।

''तो अब पढ़ना पक्का''

# मध्याह्न भोजन योजना

मध्याह्न भोजन योजना राज्य में 15 अगस्त, 1995 को शुरू की गई थी। राज्य के 6 जिलों भिवानी, हिसार, महेंद्रगढ़, रेवाडी, रोहतक तथा सिरसा के 17 खण्डों में पका हुआ खाना उपलब्ध करवाया जाता था। राज्य सरकार द्वारा इस पर 1.45 प्रति बच्चा प्रतिदिन के हिसाब से खर्च किया जाता था। वर्ष 1996–97 में पका हुआ खाना देने की योजना राज्य के 44 और अन्य खण्डों (शैक्षिक रूप से पिछड़े खण्ड) में शुरू की गई। वर्ष 1996–97 में 3 किलो प्रति बच्चा/प्रति मास सूखा अनाज देना शुरू किया गया। जनवरी 2003 मे फिर से आर्थिक तथा शैक्षिक रूप से पिछड़े हुए 17 खण्डों में पका हुआ खाना देना शुरू किया गया। राज्य के सभी राजकीय, अराजकीय सहायता प्राप्त तथा स्थानीय निकाय के प्राथमिक विद्यालयों में 15–08–2004 से पका–पकाया भोजन दिया जाने लगा तथा वर्श 2008–09 में यह योजना माध्यमिक विद्यालयों में भी शुरू की गई। इस स्कीम के तहत खाद्यान्न भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करवाया जाता है। भारत सरकार द्वारा मिड–डे–मील की मात्रा के लिए निम्नलिखित मापदण्ड निर्धारित किए गए हैः–

| क्रमांक | मद | मात्रा प्रतिदिन | |
|---|---|---|---|
| | | प्राइमरी | अपर प्राइमरी |
